# आचरण-संहिता

यह आचरण-संहिता AGRANA के मूल्यों पर आधारित है। इसका अनुपालन सभी व्यावसायिक गतिविधियों एवं निर्णयों का आधार है, और कंपनी की रणनीति का हिस्सा है। इस संहिता का उद्देश्य उस आचरण की एक स्पष्ट समझ प्रदान करना है, जिसकी अपेक्षा हम अपने सहकर्मियों और प्रबंधन सदस्यों जैसे आंतरिक हितधारकों तथा व्यावसायिक साझीदारों जैसे बाहरी हितधारकों से करते हैं। इस आचरण संहिता को स्वीकार करना और इसका अनुपालन करना दुनिया भर में AGRANA के सभी व्यावसायिक साझीदारों के लिए आवश्यक है और चयन प्रक्रिया से ही इसे संज्ञान में लिया जाता है। हमारी व्यावसायिक गतिविधि, अर्थात कृषि उत्पादों का परिष्करण, का संचालन हम पर्यावरणीय तथा नैतिक दृष्टि से संवहनीय तथा कानूनी तरीके से करते हैं। सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व हमेशा हमारे लिए केंद्र-बिंदु रहते हैं। आने वाली पीढ़ियों को भी अपने उत्पादों की विविधता से परिचित कराना और इस दुनिया की चुनौतियों को सुलझाने में तर्कसंगत रूप से सहयोग करना, यही हमारा लक्ष्य है।

**कानून का अनुपालन**

हम अपेक्षा करते हैं कि सभी राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लागू आवश्यकताओं का भी AGRANA के मानकों की तरह पालन किया जाएगा।

**उत्पाद गुणवत्ता और उत्पाद सुरक्षा**

AGRANA उत्पाद उच्च गुणवत्ता एवं उत्पाद सुरक्षा के मानकों को ध्यान में रखते हुए तैयार किये जाते हैं और लागू होने वाले नियमों एवं विनिर्देशों को पूरा करते हैं।

**प्रतिस्पर्धा में निष्पक्षता**

हम बिना किसी प्रतिबन्ध के उचित साधन के आधार पर प्रतिस्पर्धा के लिए, तथा विशेष रूप से प्रतिस्पर्धा एवं अविश्वास कानूनों के अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध हैं। AGRANA को आंतरिक स्तर पर प्रतिस्पर्धा एवं अविश्वास कानून अनुपालन दिशा-निर्देशों तथा संयुक्त उपक्रमों में जानकारी के आदान-प्रदान से संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा।

**भ्रष्टाचार**

हम भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी बर्दाश्त नहीं करते। हमारे व्यापारिक सम्बन्ध पूर्णतः उद्देश्य मापदंडों पर आधारित होने चाहिए। इसमें गुणवत्ता, विश्वसनीयता एवं प्रतिस्पर्धी कीमतों के अतिरिक्त पारिस्थितिक और सामाजिक मानक तथा साथ ही साथ अच्छे कॉर्पोरेट शासन के सिद्धांतों का अनुपालन भी शामिल है।

उपहार और निमंत्रणों के मामले में हर परिस्थिति में लाभ प्रदता, उपयुक्तता तथा बाह्य प्रभावों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। स्थानीय प्रचलन के अनुसार किए गए अनुदान की राशि किसी भी हाल में अनुचित रूप से अत्यधिक मात्रा में नहीं होनी चाहिए और इसे रिश्वत के रूप में देखे जा सकने की संभावना नहीं होनी चाहिए। विशेष रूप से रिश्वत के भुगतान के सम्बन्ध में प्रत्येक अवैध और अनधिकृत गतिविधि निषिद्ध है। ऐसा करने पर दंड दिया जा सकता है। AGRANA में आंतरिक स्तर पर सभी प्रभावी स्थानीय भ्रष्टाचार-रोधी और कर दिशा निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए।

**हितों का टकराव**

व्यावसायिक क्रियाकलापों के दौरान यह संभव है कि AGRANA के कर्मचारियों और प्रबंधन के सम्मुख ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न हो जाएँ, जिनमें उनके निजी या आर्थिक हित AGRANA के हितों के साथ टकरा रहे हों। तृतीय पक्ष के साथ के व्यक्तिगत निर्णय तथा व्यापारिक सम्बन्ध भी पूर्णतः निष्पक्ष होने चाहिए। हितों का टकराव उत्पन्न होने पर AGRANA में आंतरिक स्तर पर हितों के टकराव से संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा।

**धनशोधन एवं व्यापारिक भागीदार**

व्यापारिक साझीदारों को प्रभावी AGRANA मूल्यों और दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। हमारे व्यापारिक साझीदार, अपने व्यापारिक साझीदारों का चयन करते समय इस आचरण संहिता में उल्लिखित सिद्धांतों को ध्यान में रखेंगे और उनका अनुपालन तथा सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए समुचित कदम उठाएँगे। धनशोधन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। हम मौजूदा एवं संभावित व्यापारिक भागीदारों की पहचान जोखिम के आधार पर करते हैं।

व्यापारिक प्रतिबंधों, आयात और निर्यात नियंत्रण सम्बन्धी विनिर्देश तथा आतंकवादी वित्तपोषण की रोकथाम के लिए लागू प्रावधानों का पालन किया जाना चाहिए।

**व्यापारिक गोपनीयता एवं तृतीय पक्ष के सुरक्षा अधिकार**

रोजगार सक्रियता के दौरान हासिल की गयी किसी भी प्रकार की गोपनीय जानकारी (जैसे- प्रयुक्त तकनीक, बौद्धिक सम्पदा, व्यापार, वित्त एवं लेखांकन से सम्बंधित जानकारी, आदि) का उपयोग केवल AGRANA के हित में ही किया जा सकता है, स्वयं अथवा किसी अन्य के हितों के लिए इनका उपयोग नहीं किया जा सकता है। तृतीय पक्ष के सुरक्षा अधिकारों का भी सम्मान किया जाना चाहिए।

**डाटा सुरक्षा**

व्यक्तिगत डाटा की सुरक्षा हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिए हम डाटा संग्रहण, प्रसंस्करण और उपयोग पारदर्शी, उद्देश्य- आधारित, समझदार और सटीक तरीके से करना सुनिश्चित करते हैं। AGRANA में आंतरिक स्तर पर डाटा सुरक्षा नीति का पालन किया जाना चाहिए।

**वित्तीय रिपोर्टिंग**

आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में सभी व्यापारिक गतिविधियों का समुचित दस्तावेजीकरण किया जाना चाहिए। इस प्रकार के नियंत्रण के द्वारा लेखांकन के लिए महत्वपूर्ण जानकारी का संकलन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

AGRANA पूँजी बाजार में अंतर्राष्ट्रीय लेखा मानकों के अनुसार सार्वजनिक एवं पारदर्शी वित्तीय रिपोर्टिंग करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**संचार**

बाह्य अभिव्यक्ति के सभी स्वरूपों में, हम अधिकतम सावधानी बरतते हैं और अपनी कॉरपोरेट पहचान से जुड़े रहते हैं। हम स्पष्ट और खुले संचार को महत्व देते हैं, जिसमें AGRANA में आंतरिक तौर पर संचार दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए।

**पूँजी बाजार**

एक सूचीबद्ध कंपनी के रूप में हम इनसाइडर ट्रेडिंग और बाजार के दुरुपयोग को रोकने के लिए उचित संगठनात्मक उपायों का पालन करते हैं। AGRANA में आंतरिक स्तर पर पूँजी बाजार अनुपालन के दिशा निर्देश का पालन किया जाना चाहिए।

**वेतन एवं लाभ**

अदा किया जाने वाला वेतन सभी लागू नियमों एवं मानकों[1] के अनुसार होना चाहिए, जिसमें न्यूनतम वेतन, समयोपरि भत्ता, कानूनी रूप से निर्धारित अन्य लाभ तथा सवैतनिक अवकाश से संबंधित प्रावधान भी शामिल हैं। समान मूल्य के कार्य के लिए समान वेतन का भुगतान हमारे लिए अत्यंत महत्व रखता है।

**कार्य-समय**

हम कार्य-समय पर लागू होने वाले सभी कानूनी नियमों एवं प्रबंधों का पालन करते हैं। एक सप्ताह में स्वीकार्य अधिकतम कार्यावधि का नियमन राष्ट्रीय कानूनों के द्वारा एवं अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के नियमों के अनुसार किया जायेगा। समयोपरि कार्य की सीमा उपयुक्त वैधानिक तथा संविदात्मक दायित्वों के तहत नियंत्रित की जाएगी। असाधारण परिस्थितियों एवं एक सीमित अवधि को छोड़कर, कर्मचारी सप्ताह में न्यूनतम एक दिन छुट्टी के लिए अधिकृत हैं। हम आवश्यक कार्य-विराम प्रदान करते हैं, ताकि कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर खतरा उत्पन्न नहीं हो। निजी जीवन और कार्य के बीच संतुलन हमारे लिए एक महत्वपूर्ण विषय है।

**कार्यस्थल पर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा**

हम इस दिशा में हर सम्भव प्रयास करते हैं कि कार्यस्थल एवं उसका माहौल लोगों की शारीरिक अखण्डता या फिर उनके स्वास्थ्य के लिये खतरा नहीं बने। प्रशिक्षण जैसे समुचित उपायों के माध्यम से दुर्घटनाओं का जोखिम सतत रूप से कम करना और कार्य परिस्थितियों में लगातार सुधार करना हमारा लक्ष्य है। पेयजल, स्वच्छता सम्बन्धी सुविधाओं तथा सार्वजनिक स्थल की पहुँच हर हाल में सुनिश्चित की जाती है। कार्य-स्थल पर्याप्त आपातकालीन निकास, अग्नि सुरक्षा उपकरणों तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था से परिपूर्ण होना चाहिए। धूम्रपान नहीं करनेवाले कर्मचारियों का भी पर्याप्त ध्यान रखना आवश्यक है।

**मानवाधिकार**

मानवाधिकारों की सुरक्षा से संबंधित प्रभावी प्रावधानों का पालन करना हमारी कॉरपोरेट जिम्मेदारी का एक अभिन्न घटक है। हम अपेक्षा करते हैं कि हर कोई अन्य व्यक्तियों की प्रतिष्ठा और व्यक्तिगत अधिकारों का सम्मान करेगा।

बालश्रम**,** बेगारी और बंधुआ मजदूरी तथा दासता का निषेध

हम किसी भी प्रकार के बालश्रम, बेगारी अथवा बंधुआ मजदूरी या फिर दासता को स्वीकार नहीं करते। हम संबंधित देशों में लागू होने वाले सभी प्रासंगिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों तथा प्रावधानों का, और प्रभावी अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पालन करते हैं। प्रत्येक युवा कर्मचारी को ऐसे किसी भी कार्य से बचाया जाना चाहिये, जो उनके लिए खतरनाक सिद्ध हो अथवा उनकी शारीरिक अथवा मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाले या उनकी शिक्षा, सामाजिक, बौद्धिक अथवा नैतिक विकास के प्रतिकूल हो।

**भेदभाव और उत्पीड़न का निषेध**

प्रत्येक कर्मचारी से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने सहकर्मियों तथा तृतीय पक्ष के साथ एक मैत्रीपूर्ण, निष्पक्ष एवं सम्मानजनक संबंध रखेगा। किसी भी प्रकार का कोई भी भेदभाव तथा उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा । भेदभाव का अर्थ है कि किसी भी प्रकार का विभेद, अपवर्जन अथवा पक्षपात, जो कार्य और रोजगार के दौरान समान व्यवहार एवं आगे बढ़ने की संभावनाओं को घटाते हैं और जो संभवतः शारीरिक रंग, लिंग, यौन रुझान, धार्मिक मत, राजनीतिक विचारधारा, आयु, राष्ट्रीय, सामाजिक अथवा जातीय मूल, विकलांगता, किसी ट्रेड यूनियन की सदस्यता, घरेलू जिम्मेदारियों अथवा इसी प्रकार के अन्य कारणों पर आधारित है। AGRANA में आंतरिक स्तर पर विविधता और समावेश से संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा।

**बैठक का अधिकार एवं सामूहिक समझौता**

हम कर्मचारियों की सभा करने की स्वतंत्रता को स्वीकार करते हैं और उसका सम्मान करते हैं, साथ ही कर्मचारियों के इस अधिकार को भी कि वे अपने प्रतिनिधियों का चुनाव स्वेच्छा और स्वतंत्र रूप से कर सकते हैं। साथ ही हम सुनिश्चित करते हैं कि ये प्रतिनिधि किसी भेदभाव का शिकार नहीं हों। हम कर्मचारियों के सामूहिक समझौते करने के अधिकार तथा हड़ताल करने के अधिकार को भी स्वीकार करते हैं।

**पर्यावरण एवं सतत विकास**

हम पर्यावरण और जलवायु संरक्षण की अपनी जिम्मेदारियों से परिचित हैं। हम पारिस्थितिकी के क्षेत्र में सतत-पोषणीय व्यावसायिक गतिविधियों के लिये प्रतिबद्ध हैं और जिन समुदायों और परिवेशों में हम मौजूद हैं वहाँ पर एक सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न कर रहे हैं। हम अपनी व्यावसायिक गतिविधि तथा आपूर्ति श्रृंखला में ऊर्जा उपयोग एवं उत्सर्जन, जल उपयोग और अपशिष्ट जल का निपटान, कचरे और संभावित पर्यावरणीय प्रभावों सहित संसाधनों की जरुरतों को कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सभी प्रक्रियाओं और मानकों को कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करना होगा अथवा इनसे ऊपर होना होगा। हम प्रभावी अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरणीय समझौतों के अनुसार कार्य करते हैं। AGRANA में आंतरिक स्तर पर AGRANA पर्यावरण नीति और कच्चे कृषि माल और प्राथमिक उत्पादों की अधिप्राप्ति से संबंधित AGRANA सिद्धांतों का पालन किया जाएगा।

भूमि उपयोग प्रकृति और परिदृश्य के साथ संगत होना चाहिए और प्रकृति संरक्षण, संपत्ति और भूमि उपयोग अधिकारों के कानूनों के अन्तर्गत होना चाहिए।

कार्यान्वयन के उत्तरदायित्व और रिपोर्टिंग

हम सभी संहिता तथा कंपनी की नीतियों के अनुपालन के लिए जिम्मेदार हैं और अपने साझीदारों से भी समान मानदंडों की अपेक्षा करते हैं।

AGRANA प्रबंधकों को अपना कार्यक्षेत्र इस प्रकार व्यवस्थित करना चाहिए कि इस संहिता, कंपनी के नियमों तथा क़ानूनी नियमों का अनुपालन हो। अपने सत्यनिष्ठा के कर्तव्य का पालन करते हुए AGRANA के प्रत्येक कर्मचारी की यह जिम्मेदारी होगी कि किसी भी प्रकार से आचरण संहिता का उल्लंघन होने पर वह बिना देर किए AGRANA के आंतरिक मानक रिपोर्टिंग सिस्टम का उपयोग कर उल्लंघन की सूचना दे।

इसके अलावा, कर्मचारियों और सभी हितधारकों के पास AGRANA व्हिसलब्लोइंग प्रणालियों के माध्यम से उल्लंघन की सूचना देने का विकल्प है। इसके लिए AGRANA में आंतरिक स्तर पर व्हिसलब्लोइंग दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। अधिसूचना जमा करने का अवसर है। हमारे AGRANA व्हिसलब्लोइंग प्रणाली के निर्देश का पालन किया जाना चाहिए।

[1] इस संहिता को तैयार करने के दौरान संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा (यूडीएचआर), अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के सम्मेलनों, संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट, बीएससीआई आचरण संहिता और संयुक्त राष्ट्र संगठन के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) जैसे स्थापित मानकों को ध्यान में रखा गया है।

सूचना देने वाले व्यक्तियों पर प्रतिशोधात्मक कार्रवाई करना वर्जित है और
रिपोर्ट की गोपनीयता की गारंटी दी जाती है।